IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

# Important Current Affairs 18th October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 18th October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the **Important Current Affairs 18th October 2017** in Hindi as PDF and save for revision!

**Important Current Affairs 18th October 2017 in Hindi**

- **न्यूट्रॉन सितारों के टक्कर से बना प्रकाश**
    - पहली बार, आस पास की आकाशगंगा में दो न्यूट्रॉन सितारों को टकराने से पहले 'स्पाइरल डेथ-डांस' करते हुए देखा गया है|
    - टकराव से, पहली बार गुरुत्वाकर्षण तरंग और प्रकाश को एक ही स्रोत से निकलते हुए देखा गया, जो दो-सेकंड की गामा रे बर्स्ट के रूप में निकला|
    - टक्कर से सोने, प्लैटिनम और लैड का भी निर्माण हुआ|
- **सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा योजना**
    - देश के सबसे गरीब लोगों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करने के लिए सरकार ने 1.2 लाख करोड़ रुपये की योजना तैयार की है|
    - इस व्यापक कार्यक्रम में तीन श्रेणियों की परिकल्पना की गई है - सबसे गरीब 20%, जिसका भुगतान सरकार करेगी; वो लोग जो स्वयं अपनी सदस्यता लेते हैं और औपचारिक क्षेत्र के श्रमिक जिन्हें योजना के लिए आय का एक निश्चित अनुपात देना होगा|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

GATE CE 2018
COMPLETE PACK
115 TOTAL TESTS
₹647/-
testbook

- **सॉन्डर्स ने जीता '2017 मैन बुकर पुरस्कार'**
    - अमेरिकी लेखक जॉर्ज सॉन्डर्स ने '2017 मैन बुकर' पुरस्कार जीता है|
    - वे ब्रिटेन का प्रसिद्ध पुरस्कार जीतने वाले दूसरे अमेरिकी लेखक बन गए, यह पुरस्कार उन्हें उनके पहले पूर्ण लंबाई वाले उपन्यास "लिंकन इन द बार्डो" के लिए दिया गया|
    - निर्णायकों ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसे पूरी तरह से नवीन बताया, इसमें सैकड़ों वाचकों की व्याक्यान का उपयोग करते हुए, अब्राहम लिंकन के 11 वर्षीय बेटे विली की मौत का वर्णन किया गया है|
- **अन्तराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस**
    - 17 अक्टूबर 2017 को, अन्तराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया गया|
    - इस दिन का चयन इस लिए किया गया क्योंकि 17 अक्टूबर 1987 को पेरिस में एक लाख से अधिक लोग इकट्ठे हुए थे, जहां चरम गरीबी, हिंसा और भूख के शिकार लोगों के हित के लिए UDHR पर हस्ताक्षर किए गए थे|
    - 2017 की विषयवस्तु: 'आंसरिंग द कॉल ऑफ़ अक्टूबर 17 टू एंड पावर्टी: ए पथ टुवर्ड पीसफुल एंड इंक्लूसिव सोसाइटी' है|
- **वयोवृद्ध ब्रिटिश अभिनेता रॉय डॉर्टिस का निधन**
    - ऑस्कर विजेता फिल्म 'एमेडियस' में लियोपोल्ड मोजार्ट के किरदार के लिए मशहूर, वयोवृद्ध ब्रिटिश अभिनेता, रॉय डॉट्रिस का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया|
    - गिनिस बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में किसी अभिनेता द्वारा एक ऑडियो बुक में सबसे अधिक पात्रों के लिए दी गयी आवाज के लिए डॉट्रिस का नाम शामिल है|
    - वे एक पुरस्कार विजेता अभिनेता भी थे| उन्हें 2000 में 'ए मून फॉर द मिस्बेगौटेन' में 'ब्रॉडवे प्रदर्शन' के लिए 'टोनी अवार्ड्स' भी मिला|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- **सेलेना ने मिस्र के जूनियर टेबल टेनिस में जीता स्वर्ण**
    - 15 अक्टूबर 2017 को भारत की सेलेना सेल्वकुमार ने मिस्र के जूनियर और कैडेट टेबल टेनिस ओपन 2017 में तीन स्वर्ण पदक जीते|
    - सेलेना सेल्वकुमार चेन्नई की एक 17 वर्षीय लड़की है| उसने मिस्र जूनियर और कैडेट टेबल टेनिस ओपन 2017 में लड़कियों की एकल और स्वर्ण पदक और एक टीम चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता|
    - लड़कियों के एकल फाइनल में, सेलेना ने मारवा अलहॉडाबी को हराया|
- **परमाणु विस्फोट में भी सुरक्षित बने रहने वाली घड़ी**
    - वैज्ञानिकों ने रूसी सेना किट के लिए एक सैन्य घड़ी विकसित की है, जो उच्च प्रभाव का विरोध कर सकती है और यह परमाणु विस्फोट के बाद भी ये बची रह सकती है|
    - इस घडी को सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर मशीन इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है|
    - इसे रुसी भूमि सेना, वायु सेना, नौसेना के तटीय सैनिकों के लिए नयी युद्ध प्रणाली में शामिल किया गया है|
- **वोल्टास ने प्रदीप बक्शी को बनाया प्रबंध निदेशक**
    - वोल्टास ने कंपनी के MD और CEO के रूप में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, प्रदीप बक्शी की पदोन्नति की घोषणा की|
    - बक्शी एक उपभोक्ता टिकाऊ विशेषज्ञ हैं| वे लगभग अपने पूरे करियर, लगभग 30 वर्ष वोल्टास के साथ रहे|
    - बक्शी के नेतृत्व में, वोल्टास ने LG, सैमसंग और व्हर्लपूल जैसे विदेशी ब्रांड एयर कंडीशनर में एक कठिन प्रतिस्पर्धा दी है| बक्शी, संजय जोहरी की जगह लेंगे|

testbook



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

GATE CE 2018
COMPLETE PACK
115 TOTAL TESTS
₹647/-
testbook

- **भारतीय-अमेरिकी को समाज सेवा पुरस्कार**
    - प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकी वकील अजय राजू को तीसरे अमेरिकी बाज़ार समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है|
    - राजू को 'जेर्मिनेशन प्रोजेक्ट' के माध्यम से फिलाडेल्फिया को पुनर्जीवित करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया है|
    - 'जेर्मिनेशन प्रोजेक्ट', पामेला और अजय राजू फाउंडेशन की एक पहल है| इसके तहत, किशोरों को 'भविष्य के नेता' बनने के लिए भरती किया जाता है|
- **अक्षय बने ब्रिटेन के सबसे छोटी उम्र के करोड़पति**
    - भारतीय मूल के किशोर, अक्षय रूपारेलिया ब्रिटेन के सबसे कम उम्र के करोड़पति बन गए हैं, क्योंकि उनका ऑनलाइन अचल संपत्ति एजेंसी व्यवसाय 12 मिलियन पाउंड के मूल्य पर पहुंच गया|
    - 19 वर्षीय भारतीय मूल के किशोर अक्षय रुपेलिया, ने एक वर्ष पहले ऑनलाइन रियल एस्टेट एजेंसी, "doorsteps.co.uk" शुरू किया था|
    - यह ऑनलाइन अचल संपत्ति एजेंसी केवल 99 पाउंड की सेवा शुल्क के साथ खरीदारों को घर बेचती है|
- **स्वराज को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड**
    - एक प्रसिद्ध NRI उद्योगपति और "द कैपरो ग्रुप" के अध्यक्ष को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है|
    - यह पुरस्कार दूसरे ब्रिटिश एशियाई अचीवर्स अवार्ड्स में दिया गया था जिसका आयोजन हिंदी साप्ताहिक 'जगात्वानी' द्वारा किया गया है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- विनिर्माण उद्योग, शिक्षा और लोकोपचार के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया|

- **भारतीय शांति सैनिकों को UN पदक**
  - दक्षिण सूडान में 50 भारतीय शांति सैनिकों को दक्षिण सूडान में शांति बनाए रखने में सेवा के लिए संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया|
  - शांतिकर्मियों को नागरिकों की सुरक्षा और दक्षिण सूडान में शांति बनाने के लिए व्यावसायिकता और सेवा के लिए संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया|
  - शांतिकर्ता, दक्षिण सूडान में UN मिशन का हिस्सा हैं और बोर में तैनात भारतीय बटालियन के साथ तैनात हैं|
- **"ऑथेंटिक ब्रैंड स्टडी 2017"**
  - 17 अक्टूबर 2017 को, "ऑथेंटिक ब्रैंड स्टडी 2017" नामक एक नए सर्वेक्षण में कहा गया है कि, भारतीय उपभोक्ता 'गूगल' को सबसे प्रामाणिक ब्रैंड मानते हैं|
  - सर्वेक्षण 'कोह एंड वोल्फ' द्वारा किया गया था इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़ॅन डॉट कॉम, मारुति सुजुकी और एप्पल का स्थान है|
  - कोह एंड वुल्फ सर्वेक्षण के अनुसार, विश्व स्तर पर, अमेज़ॅन, ऑथेंटिक ब्रैंड की सूची में शीर्ष और एपल दूसरे स्थान पर हैं|
- **स्वर्ण के साथ पहला कमोडिटी विकल्प व्यापार**
  - मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ने वित्त मंत्री अरुण जेटली की उपस्थिति में 'गोल्ड आप्शन कॉन्ट्रैक्ट' का कारोबार शुरू किया|
  - MCX स्वर्ण के साथ पहला कमोडिटी विकल्प बाजार है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

GATE CE 2018 COMPLETE PACK 115 TOTAL TESTS ₹647/- testbook

- विकल्प अनुबंध, खरीदार को एक विशिष्ट तिथि तक एक निश्चित अवधि के दौरान एक सहमती मूल्य (स्ट्राइक प्राइस) पर शेयर / वस्तु / परिसंपत्ति खरीदने या बेचने का अधिकार प्रदान करता है, लेकिन दायित्व नहीं देता है|

- **महिलाओं के लिए सबसे खराब शहरों की रिपोर्ट**
    - थॉमसन रायटर फाउंडेशन के एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत की राजधानी दिल्ली, महिलाओं की सुरक्षा के पैरामीटर पर दुनिया में सबसे खराब शहरों में से एक है|
    - यह सर्वेक्षण जून और जुलाई 2017 के बीच दुनिया के 19 महानगरों (10 मिलियन से अधिक आबादी वाले) में आयोजित किया गया था|
    - यौन उत्पीड़न के खतरे के संदर्भ में जापान की राजधानी टोक्यो सबसे सुरक्षित शहर के रूप में उभरा|
- **सद्भावना यात्रा पर बांग्लादेशी जहाज**
    - आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में पूर्वी नौसेना कमान (BNS) की चार दिवसीय सद्भावना यात्रा पर बांग्लादेश नौसेना जहाज (ENC) सोमदरा अवीजन विशाखापत्तनम पहुंचा|
    - BNS सोमुद्र एविजान ने विशाखापट्टनम बंदरगाह में प्रवेश करने से पहले, बंगाल की खाड़ी में नौसैनिक अभ्यासों में भाग लिया, जहाँ उसे 'पैसेज व्यायाम' किया|
    - यह समुद्री प्रशिक्षण के लिए 60 कैडेटों के साथ कैडेट ट्रेनिंग स्क्वाड्रन का एक हिस्सा है|
- **WCD मंत्रालय ने की '#IamThatWoman' की शुरुआत**
    - महिलाओं में महिलाओं के खिलाफ लैंगिक पूर्वाग्रह को खत्म करने के लिए, केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय (WCD) ने एक ऑनलाइन अभियान '#IamThatWoman' की शुरुआत की|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं 'के साथ' और 'के लिए' खड़ी महिलाओं के विभिन्न पहलुओं को उजागर करना है|
- इस अभियान के माध्यम से, WCD मंत्रालय ने लोगों से महिला द्वारा महिला को हनी पहुँचाने की अवधारणा से बाहर निकलने का आग्रह किया है|

- **बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय का उद्घाटन**
  - गुजरात के आदिवासी कल्याण राज्य मंत्री शबदार्शन तडवी ने गुजरात के नर्मदा जिले के आदिवासी वर्चस्व वाले शहर राजपिपला में बिरसा मुंडा आदिवासी विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया|
  - इस विश्वविद्यालय का परिसर राजपिपला के बाहरी इलाके में होगा|
  - विश्वविद्यालय कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों के विषयों पर स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रदान करेगा|
- **अंतर्राष्ट्रीय चेरी ब्लॉसम महोत्सव**
  - भारत अंतर्राष्ट्रीय चेरी ब्लॉसम महोत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन 8 से 11 नवंबर 2017 को शिलाँग, मेघालय में किया जाएगा|
  - यह त्यौहार मेघालय राज्य सरकार द्वारा जैव संसाधनों और सतत विकास, इंफाल और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है|
  - चेरी ब्लॉसम पेड़ हर वर्ष बहुत कम अवधि के लिए खिलता है|
- **मध्य प्रदेश ने शुरू की भवंतार भुगतान योजना**
  - मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महत्वाकांक्षी 'भवंतार भुगतान योजना' का शुभारंभ किया|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

GATE CE 2018
COMPLETE PACK
115 TOTAL TESTS
₹647/-
testbook

- इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादन के लिए किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करना है और इस प्रकार तनावग्रस्त बिक्री के कारण होने वाले नुकसान से उनकी रक्षा करना है|
- किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और वास्तविक बिक्री मूल्य के बीच के अंतर का मुआवजा दिया जाएगा|

**Attempt Current Affair Quiz for 18th October 2017**

testbook



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play